प्रसार भारती
भारतीय प्रसारण निगम
आकाशवाणी केन्द्र शिमला

05.04.2025 / प्रादेशिक समाचार / 15.00 बजे

## आपदा राहत

केंद्र सरकार ने पिछले साल प्राकृतिक आपदाओं का सामना करने वाले बिहार, हिमाचल प्रदेश, तमिलनाडु और केंद्र शासित प्रदेश पुडुचेरी को अतिरिक्त एक हजार दौ सौ 80 करोड़ रुपये से अधिक की सहायता मंजूर की है। गृह मंत्रालय ने आज एक बयान में कहा कि सरकार ने आपदाओं के बाद इन राज्यों में तत्काल मंत्रालय स्तर की केंद्रीय टीमों को भेजा था। मंत्रालय ने यह भी बताया कि 2024–2025 में 28 राज्यों को राज्य आपदा प्रतिक्रिया कोष के तहत बीस हजार दौ सौ 64 करोड़ रुपये से अधिक जारी किए गए हैं और 19 राज्यों को राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया कोष से पांच हजार एक सौ 60 करोड़ रुपये से अधिक की राशि जारी की गई है। इसके अतिरिक्त, राज्य आपदा न्यूनीकरण कोष से 19 राज्यों को लगभग पांच हजार करोड़ रुपये और राष्ट्रीय आपदा न्यूनीकरण कोष से आठ राज्यों को 7 सौ करोड़ रुपये से अधिक की राशि जारी की गई है।

.........................................................................

## अग्निहोत्री

उप–मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने कहा है कि प्रदेश पथ परिवहन निगम के बेड़े में जल्द ही 6 सौ नई बसें शामिल की जाएगी जिसकी प्रक्रिया आरंभ कर दी गई है। सोलन में आज एक पत्रकार वार्ता में उन्होंने बताया कि इनमें इलैक्ट्रिक बसे भी शामिल होंगी। सोलन नगर निगम में पानी के बिलों में हुई बढ़ौतरी पर उप–मुख्यमंत्री ने कहा कि वे इस संबंध में उच्च अधिकारियों से बात करेंगे।

.........................................................................

## जगत सिंह नेगी

वन अधिकार अधिनियम विषय पर आज सोलन में एक कार्यशाला का आयोजन किया गया, जिसमें राजस्व व जनजातीय विकास मंत्री जगत सिंह नेगी ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि वन भूमि में लोगों के अधिकारों के प्रति जागरूकता लाने के उद्देश्य से इस कार्यशाला का आयोजन किया गया। जगत सिंह नेगी ने कहा कि प्रदेश सरकार वन अधिकार अधिनियम को प्रभावी तरीके से लागू करने के लिए

जागरूकता पर बल दे रही है। इस कार्यशाला में शिमला, किन्नौर, सिरमौर और सोलन के विधायकों व अधिकारियों ने भाग लिया।

..................................................................

विक्रमादित्य सिंह

दुर्गाष्टमी के मौके पर आज लोकनिर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने अपने पिता और प्रदेश के छ बार मुख्यमंत्री रहे वीरभद्र सिंह के नाम पर राजा वीरभद्र सिंह फाउंडेशन का गठन किया किया है। उन्होंने कहा कि ये संस्था 23 जून को पूर्व मुख्यमंत्री स्वर्गीय वीरभद्र सिंह की जयंती पर शिमला के रिज मैदान पर उनकी प्रतिमा का अनावरण करेगी। शिमला में पत्रकारों से बातचीत में विक्रमादित्य सिंह ने कहा कि राजा वीरभद्र सिंह फाउंडेशन वीरभद्र सिंह की सोच को आगे बढ़ाने का काम करेगी और शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार, खेल व नशे की रोकथाम के लिए काम किया जाएगा। उन्होंने बताया कि प्रतिमा का पूरा खर्च संस्था द्वारा वहन किया जाएगा और संस्था के माध्यम से गरीब जरूरतमंद लोगों की मदद की जाएगी।

..................................................................

चैत्र नवरात्र

चैत्र नवरात्र के आठवें दिन आज मां दुर्गा के महागौरी स्वरूप की पूजा अर्चना की जा रही है। सौभाग्य, धन संपदा, सौंदर्य और स्त्री जनित गुणों की अधिष्ठात्री देवी महागौरी है। देवी के इस स्वरूप की पूजा–अर्चना विवाहित महिलाओं को अखंड सौभाग्य का फल प्रदान करती है। महाअष्टमी के पावन अवसर पर प्रदेश के प्रमुख शक्तिपीठों सहित अन्य मंदिरों में श्रद्धालुओं की सुविधा व सुरक्षा के कड़े प्रबंध किए गए हैं और लोग घरों में कन्या पूजन व देवी की स्तुति कर सुख समृद्धि व उज्जवल भविष्य की कामना कर रहे हैं।

..................................................................